Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 19-03-2005

Participants : Mohale Shri Punnulal

an>

Title: Need to accord the status of a Central University to Guru Ghasidas University of Chattisgarh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं छत्तीसगढ़ राज्य के विलासपुर जिले में स्थित गुरू घासीदास विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश वविद्यालय बनाए जाने के संबंध में कहना चाहता हूँ कि विलासपुर इस राज्य का दूसरा सर्वाधिक महत्वपूर्ण जिला है। जहाँ पर एमए, एमएड, इंजीनियरिंग कालेज, रेलवे जोन, हाईकोर्ट आदि स्थित हैं लेकिन वहाँ पर मैडिकल कॉलेज न होने के कारण अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को समुचित लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस विश्वविद्यालय का नाम प्रख्यात संत बाबा घासीदास के नाम पर रखा गया है। इसकी स्थापना तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह के समय में हुई थी। मैं माननीय केंद्रीय मंत्री से अनुरोध करूंगा कि इस विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित किया जाA*[cmc4] [cmc5]जिससे वहां जन भावनाओं को अच्छे विचार मिलेंगे और वहां की अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग को लाभ मिल सकेगा ।